# वार्षिक प्रतिवेदन 2015–16
## झुन्झुनू जिला पर्यावरण सुधार समिति






राजकीय बालिका प्राथमिक महल स्कूल के सामने, वार्ड न. 37 झुन्झुनू (राज.)
Tel.& Fax No. :- 01592-230952 E-mail : jzpss_c1@yahoo.co.in, jjnjzpss@gmail.com childline1098churu@gmail.com
Website:-www.jzpss.org



# अध्यक्ष की कलम से ......

प्रिय मित्रो,

झुंझुंनू जिला पर्यावरण सुधार समिति का 24 वां वार्षिक प्रतिवेदन आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुये अत्यन्त हर्ष हो रहा है। 1992 में मैंने इस संस्था की स्थापना पर्यावरण के क्षैत्र में कार्य करने के लिये की परन्तु मुझे आभास हुआ कि और भी अन्य मुददे है जिन पर संस्था को कार्य करने की आवश्यकता है वर्तमान में संस्थान विभिन्न मुददो को लेकर कार्य कर रही है, ताकि आम जन का सर्वागिण विकास हो सके। संस्थान सरकार व समुदाय की भागीदारी से आम नागरीकों के जीवन में खुशी एंव समृद्वी लाने का हर संभव प्रयास कर रही है।

संस्थान के लिए वर्ष 2015–16 काफी चुनौतिपूर्ण रहा लेकिन चुनौतियों के साथ–साथ अनेक उपलिब्धियों भी प्राप्त करने का अवसर मिला। राज्य एंव जिला स्तर पर प्रशासन के साथ मिलकर काम करना तथा आम जन के साथ गहरा जुड़ाव संस्थान के लिए बड़ी उपलब्धि रही ।

संस्थान प्रारम्भ से ही प्रयास रहा है सरकार तथा आमजन के मध्य कड़ी का काम करते हुये दोनो की सक्रिय भागीरदारी सुनिश्चित करने कार्य मिल जाये।

संस्थान बाल अधिकार, महिला उत्पीड़न, स्वास्थय पोषण, आजिविका, पीने के पानी, शिक्षा, मातृ एंव शिशू स्वास्थय, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं , वातावरण संरक्षण, सड़क सुरक्षा तथा अनाथ एंव बेसहारा बच्चो सहित विभिन्न सामाजिक मुददे पर परियोजनाओ का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है।

झुंझुंनू जिला पर्यावरण सुधार समिति ने अपने विजन एंव मिशन के अनुरूप विभिन्न विषयों पर कार्य किया है। देश –प्रदेश व जिला स्तर पर सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं एंव विभाग के सहयोग व समन्वय तथा व्यापक जन भागीदारी से सभी स्तरो पर संस्था की सुदृीढ़ शाख बनी है। संस्था द्वारा किये गये कार्यो के लिए समय–समय पर संस्थान को जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित भी किया जाता रहा है, जिससे संस्थान को और मजबूती से समाज के लिए उत्थान के लिए कार्य करने की प्रेरणा मिलती रही है। संस्थान द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों एंव परियोजना के सफल क्रियान्वयन में समुदाय, केन्द्रीय, राज्य तथा जिला प्रशासन का पूर्ण सहयोग रहा है, जिसका में आभार प्रकट करता हूं साथ ही इनके अतुलनीय सहयोग की अपेक्षा भविष्य में भी करता हूं। में संस्था के समक्ष सदस्यों व कर्मठ कार्यकर्ता के सहयोग तथा मार्गदर्शन प्रदान के लिए आभारी हूं।

वर्ष 2015–16 का वार्षिक प्रतिवेदन आपको सादर समर्पित है। आगामी वर्ष में सभी को साथ लेकर समाज के हर वर्ग को तक पहुंच कर उनको सर्वागीण विकास करना हमारा ध्येय है। मै पुनः सभी सहयोगीयों का तहेदिल से आभार प्रकट करता हूं।

हार्दिक शुभकामनाओं के साथ

**अध्यक्ष**

राजेश अग्रवाल

Jhunjhunu Zila Paryawaran Sudhar Samiti

# ''राष्ट्रीय युवा पुरस्कार 2004''
# प्राप्त व आई.एस.ओ. प्रमाणित प्रदेश की स्वयं सेवी संस्था

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली

भारत –सरकार व राज्य–सरकार द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा संस्था का रजिस्ट्रेशन न.

1. **Reg. No. :- jjn/102/91-92**
2. **FCRA No. :- 125620006**
3. **PAN No. :- AAATJ5362J**
4. **80G No. :-J./06-07/1998/J.1**
5. **Service Tax Code(Reg.No.) :-AAATJ5362JSD001**
6. **TAN No. :-JPRJ07644A**
7. **35 A.C. :- V-27011/344/2011-SO (NAT.COM)**
8. **12A. :- 204/15**
9. **MSME . :- R.G.U.M.Y. UMRA53000437**
10. **Nyk No.:- JHUNJHUNU/2002-2003/07**
11. **LAOBUR DEPT.:- SHJ/5222/2005**
12. **ISO Certificate:- 9001-2015**
13. स्वैछिक क्षैत्र विकास केन्द्र से सदस्यता प्रमाण पत्र–प.4(12)स्वै.वि.के. /आयो/13/स.क.–195
14. महिला एंव बाल विकास विभाग जयपुर द्वारा सेवाप्रदाता पंजीकरण प्रमाण पत्रः– 16(1)(38)निमअ/09/से.प्र.–11

Jhunjhunu Zila Paryawaran Sudhar Samiti

## राजस्थान सरकार द्वारा विभिन्न राजकीय विभागो व उपक्रमों में मनोनित सदस्य

1. **जिला पर्यावरण समिति व परि संकटमय अपशिष्टों में** गठित कमेटी में सदस्यः— वन विभाग राजस्थान—सरकार।
2. **राष्ट्रीय तम्बाकूं नियंत्रण कार्यक्रम** की जिला स्तरीय कमेठी का सदस्यः—जिला कलेक्टर झुंझुंनू।
3. **बीड़ सरंक्षण कमेठीः**—वन विभाग राजस्थान—सरकार।
4. **जिला स्तरीय साक्षरता समितिः**—जिला कलेक्टर झुंझुंनू।
5. **जिला यातायात समितिः**— जिला परिवहन अधिकारी झुंझुंनू।
6. **कामकाजी महिलाओं के उत्पीड़न रोकथाम** हेतूः— जिला कलेक्टर झुंझुंनू।
7. **जिला स्तरीय सतकर्ता एंव प्रबोधन समितिः**— जिला कलेक्टर झुंझुंनू।
8. **जिला स्वास्थय अभियान सदस्यः**— मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थय अधिकारी झुंझुंनू।
9. **''बेटी बचाओ बेटी पढाओं''**अभियान के जिला स्तरीय टॉस्कफोर्स का सदस्यः— जिला कलेक्टर झुंझुंनू।
10. **जिला स्तर पर ''पेड न्यूज पर निगरानी हेतू मीडिया मॉनिटेंरिंग''** कमेठी का सदस्यः— जिला निर्वाचन अधिकारी जिला कलेक्टर झुंझुंनू।
11. **जिला सर्तकता एंव मॉनिटरिंग सैल समिति स्थानीय सांसद के अध्यक्षता में सदस्य।**
12. **सांसद आदर्श ग्रांम योजना (एसजीवाई)** की समिति का सदस्य।
13. **राष्ट्रीय पोषाहार सहायता कार्यक्रम** की जिला स्तर की समीक्षा समिति का सदस्य।
14. **जिला स्तरीय सलाहकार समिति केन्द्रीय** भू—जल दोहन हेतू जिला कलेक्टर सीकर।
15. **डीआरजी (District Recource Group)** का सदस्य महिला एंव बाल विकास विभाग झुंझुंनू ।
16. **राज्य में विकेन्द्रीकृत एंव सहभागी** ग्राम पंचायत विकास योजना की जिला स्तर पर कमेठी के सदस्य कार्यलय मुख्य आयोजना अधिकारी झुंझुंनू
17. **मुख्य मंत्री जल स्वालम्बन योजना** की जिला स्तरीय कमेठी के सदस्य कार्यालय मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद झुंझुंनू
18. **श्रीमती मंजू शर्मा** को कामकाजी महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम हेतू कार्यालय में आन्तरिक शिकायत समिति के गठन की सदस्या बनाई गई, राज्य बीमा एंव प्रा.नि.विभाग झुंझुंनू।
19. **श्रीमती संतोष कटेवा** को राष्ट्रीय पोषाहार सहायता कार्यक्रम की जिला स्तर पर समीक्षा एंव सचांलन समिति की सदस्या कार्यालय जिला परिषद झुंझुंनू।

Jhunjhunu Zila Paryawaran Sudhar Samiti

# Executive Committee members



**Sh.Rajesh Agarwal**

**President**



**Smt. Santosh Katewa**

**vice President**



**Sh. Anwar Khan**

**Secretary**



**Sh.Raviprakash Agarwal**

**Treasurer**



**smt. Mini mahta**

**Exe.Member**



**smt. Prvesh Lamoriya**

**Exe.Member**



**Smt. Kiran Biyala**

**Exe. Member**



**Sh. Surendra Singh**

**Exe.Member**



**sh. Rajkumar kumawt**

**Exe.Member**



**sh. Liyakat Ali**

**Exe. Member**

Reg.No. JJN/102/1991-92

# झुंझुनूं जिला पर्यावरण सुधार समिति

## JHUNJHUNU ZILA PARAYAVARAN SUDHAR SAMIT

**Head Office**
B-26 Indira Nagar
JHUNJHUNU Rajasthan
Ph:- 01592-230952, 9414080952
E-mail: jzpss_c1@yahoo.co.in

**Branch Office**
Anganbari Worker Training Centre
Opp. Hanuman Mandir, Om Colony
Churu (Raj.) Ph. 9414080952
www.jzpss.com

**Branch Office**
Near Rajasthan Nursing College
Opp. Astha Academy , Nawalgarh road
SIKAR (Rajasthan)
Ph.- 01572-248072,9414080952

**Ref. No.:** **Dated:**

## संस्था की आम सभा दिनांक 4 मई 2013 में निर्वाचित प्रबंध कार्य कारिणी की सूची

## Exeutive Committee for the year 2013-16

| Designation | Name | Profession | Address | Telephone No. |
|---|---|---|---|---|
| President | Sh. Rajesh Agarwal | Social Worker | Near Bank of Rajshthan Buildiang Singhana, Distt. Jhunjhunu | 01593-222613 9414080952 |
| Secretary | Sh. Anwar Ali | Industrialist | C-28 Indiara Nagar Jhunjhunu | 9414305925 |
| Trasurer | Sh. Ravi Prakash Agarwal | Businessman | Ravi Misthan Bhandar Singhana, jhunjhunu | 1593-22058 |
| Vice President | Smt. Santosh Katewa | Social Worker | V.Po. Khudana , jhunjhunu | 9829769137 |
| Exe. Member | Sh, Surender Singh | Social Worker | V.Po. Hirawa , jhunjhunu | 9672238483 |
| Exe. Member | Smt. Pravesh Lamoriya | AWTC Principle | om Colony churu | 8764285693 |
| Exe. Member | Sh. Rajkumar Kumawat | Social Worker | V.Po. BaBai , jhunjhunu | 9461544152 |
| Exe. Member | Smt. Mini Mahata | Social Worker | Jhodhpur | 9414211295 |
| Exe. Member | Smt. Kiran Biyala | Advocate | Housing Board jhunjhunu | 9414332111 |
| Exe. Member | Sh, Liyakt Ali | Property Dealer | Mohalala Khora jhunjhunu | 5887426786 |

प्रमाणित किया जाता है कि यह दस्तावेज
पत्रावली में शामिल है ।
अवलम हेतु प्रार्थना पत्र दिनाक 16/5/13
नकल देने की दिनांक 27/6/13
रजिस्ट्रार संस्थाएँ
झुन्झुनू

सचिव

कोषाध्यक्ष

ECRA No. 125620006
80G No. J./06-07/1998/J.1
Registered under RGUMY (MSME)UM Code. UMRA053000437 Affiliated with NYK No. NYK/Jhunjhunu/2002-2003/07
PAN No. AAATJ5362J

# झुन्झुनू जिला पर्यावरण सुधार समिति के कार्यकर्ताओं की सूची

| क्र. सं. | नाम | योग्यता | पद | पद स्थापित स्थान | फोन नं. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सुरेन्द्र सिंह | बी.ए | टीम लीडर चिड़ावा रेंज RFBP-2 | झुंझुंनू | 9694965851 |
| 2 | श्री भंवर लाल वर्मा | एम.कॉम | मुख्य लेखाकार | झुंझुंनू | 9828864670 |
| 3 | श्री मुकेश वर्मा | एम.ए. राजनीतिक विज्ञान | कम्पयूटर ऑपरेटर | झुन्झुनूं | 9509815298 |
| 4 | श्रीमती सरोज मुण्ड | एम.ए., बी.एड. | परामर्शदाता महिला सुरक्षा एंव सलाह केन्द्र | झुन्झुनूं | 9414232917 |
| 5 | श्रीमती चेतना शर्मा | एम.ए. बी.एड | परामर्शदाता महिला सुरक्षा एंव सलाह केन्द्र | झुन्झुनूं | 9461511002 |
| 6 | श्रीमती दुर्गा माहीच | एल.एल.बी. | परामर्शदाता महिला सुरक्षा एंव सलाह केन्द्र | अजमेर | 9928071545 |
| 7 | श्रीमती दिपिका बोयत | एल.एल.बी0 | परामर्शदाता महिला सुरक्षा एंव सलाह केन्द्र | अजमेर | 9772923784 |
| 8 | श्रीमती मंजू शर्मा | 10 वी पास | स्वंय सहायता समूह कार्यकर्ता | झुंझुंनू | 7737784554 |
| 9 | श्री अमित कुमार | एम. कॉम | ड्राईवर | झुंझुंनू | 9785026010 |
| 10 | श्री करणी दान सैन | एम.एस. डब्लू | जिला समन्वयक चाईल्ड लाईन 1098 | चुरू | 9828188053 |
| 11 | श्रीमती गुडडी देवी | बी.ए. बी.एड | मुख्य अनुदेशिका आंगनबाडी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र | चूरू | 9928895534 |
| 12 | श्रीमती सुमन चौधरी | एम.एस.डब्लू | अनुदेशिका आंगनबाडी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र | चुरू | 9413002976 |
| 13 | श्रीमती अनु कवंर | एम.एस.सी. होम साईन्स | अनुदेशिका आंगनबाडी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र | चुरू | 7665653020 |
| 14 | श्री आनन्द सिंह | बी.ए. | परामर्शदाता चाईल्ड लाईल 1098 | चुरू | 9785265442 |
| 15 | कुमारी दिपिका शर्मा | बी.ए. | टीम मेंम्बर चाईल्ड लाईन 1098 | चुरू | 8890211657 |
| 16 | श्री जयकरण | 12वीं पास | स्वंय सहायता समूह कार्यकर्ता | चुरू | 7297051641 |
| 17 | श्री शिल्की अग्रवाल | एम.ए. , म्युजिक डिपलोमा | म्यूजिक टीचर आंगनबाडी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र | चूरू | 8955869084 |
| 18 | श्री किशन वर्मा | 8वी पास | आंगनबाडी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र | चूरू | 9887200546 |
| 19 | श्रीमती मीना देवी | 7वी पास | कूक आंगनबाडी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र | चूरू | |
| 20 | श्री एफ.एच. गौरी | एम.बी.बी.एस. ,फिजीशियन | विजिटींग डॉक्टर आंगनबाडी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र | चूरू | |
| 21 | श्री राजकुमार कुमावत | एम.ए. समाजशास्त्र | ब्लॉक समन्वयक AHVY श्रीमाधोपुर | सीकर | 9461544152 |
| 22 | श्री रामावतार पारीक | एम.ए. समाजशास्त्र | समन्वयक सीकर NULM | सीकर | 9799282898 |
| 23 | श्री मनीष | बी.ए | स्वंय सहायता समूह कार्यकर्ता | सीकर | 8559929520 |
| 24 | श्रीमती मीरा गुप्ता | 10 वीं पास | एस.एच.जी. कार्यकर्ता | खेतड़ी | 9461357139 |
| 25 | श्रीमती शारदा गुर्जर | बी.ए. | आया (राजीव गांधी शिशू पालना गृह) क्रेच | शिशूवाला की ढाणी | 9694279525 |
| 26 | श्रीमती सरोज | 8 वीं पास | सहायिका (राजीव गांधी शिशू पालना गृह) क्रेच | शिशू वाला की ढाणी | |
| 27 | श्रीमती दुर्गा मीणा | 10 वीं पास | आया (राजीव गांधी शिशू पालना गृह) क्रेच | बंजारा बस्ती | 8290866770 |
| 28 | कुमारी अनु | 8 वीं पास | सहायिका (राजीव गांधी शिशू पालना गृह) क्रेच | बंजारा बस्ती | |
| 29 | श्रीमती माया देवी | 8 वीं पास | आया (राजीव गांधी शिशू पालना गृह) क्रेच | ढ़ाणा सिघांना | 9660093581 |
| 30 | श्रीमती सुमन देवी | 8 वीं पास | सहायिका(राजीव गांधी शिशू पालना गृह) क्रेच | ढ़ाणा सिघांना | |
| 31 | श्रीमती माया देवी | 10 वीं पास | आया (राजीव गांधी शिशू पालना गृह) क्रेच | लालोड़ा ग्राम पपुरना | 8769268642 |
| 32 | श्रीमती सावित्री देवी | 8 वीं पास | सहायिका (राजीव गांधी शिशू पालना गृह) क्रेच | लालोड़ा ग्राम पपुरना | |
| 33 | श्रीमती शर्मिला देवी | 8 वीं पास | आया (राजीव गांधी शिशू पालना गृह) क्रेच | दोराता की ढाणी | 8085916993 |
| 34 | श्रीमती संतोष देवी | 8 वीं पास | सहायिका (राजीव गांधी शिशू पालना गृह) क्रेच | दोराता की ढाणी | |
| 35 | श्रीमती अनिता देवी | बी. ए. | आया (राजीव गांधी शिशू पालना गृह) क्रेच | मौल्याणा की ढाणी | 9602309084 |
| 36 | श्रीमती माली देवी | 8 वीं पास | सहायिका(राजीव गांधी शिशू पालना गृह) क्रेच | मोल्याणा की ढाणी | |
| 37 | श्री सुरेन्द्र सिंह | बी.ए. , पी.जी.डी.सी.ए. | कम्प्युटर ऑपरेटर AWTC | चूरू | 7742876790 |
| 38 | श्रीमती मुनी देवी | 8 वीं पास | एस.एच.जी. कार्यकर्ता | सीकर | 9602740666 |
| 39 | श्रीमती रोशनी देवी | 10 वीं पास | एस.एच.जी. कार्यकर्ता | सीकर | 9571347198 |
| 40 | श्रीमती ज्ञानू देवी | 8 वी पास | निदेशक बकरी पालक महिला समिति | अजाडी | **7073348164** |
| 41 | श्रीमती सुमित्रा देवी | 8 वी पास | निदेशक बकरी पालक महिला समिति | अजाडी | **7568408901** |
| 42 | श्रीमती माया देवी | 10 वी पास | निदेशक बकरी पालक महिला समिति | नवलगढ़ | **8384968471** |
| 43 | श्रीमती प्रमोद देवी | 10 वी पास | निदेशक बकरी पालक महिला समिति | तिलोका | 9667250632 |


Jhunjhunu Zila Paryawaran Sudhar Samiti

# संस्थान का कार्यक्षैत्र



## संस्थान द्वारा संचालित परियोजना एवं कार्यकर्मों का विवरण

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र (AWTC)चूरू



समेकित बाल विकास सेवाऐं, राजस्थान सरकार के सौजन्य से संस्था द्वारा चूरू में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र का संचालन किया जा रहा है । जिसका मुख्य उददेश्य चुरू, गंगानगर, हनुमानगढ़, सीकर व झुंझुनू की आंगनबाडी कार्यकर्ता, सहायिका को पूनश्चर्या व कार्य प्रशिक्षण के माध्यम से बाल विकास, भोजन एंव पोषण, सामुदायिक सहभागिता, आंगनबाडी कार्यकर्ताओं की भूमिका, टीकाकरण एंव आंगनबाडी केन्द्र के बेहतरीन प्रबंधन पर प्रशिक्षण प्रदान करना । वर्ष 2015–16 में 37 प्रशिक्षण बेचों जिनमें 35 पुनश्चर्या एंव 02 कार्य प्रशिक्षण के माध्यम से 649 आगंनबाड़ी कार्यकर्ताओं एंव 662 आंगनबाडी सहायिकाओं को पूनर्श्चया व कार्य प्रशिक्षण व प्रशिक्षण दिया गया।



**वर्ष 2015–16 में सम्पादित प्रशिक्षण कार्यक्रम**

| क्र. स. | दिनांक से | दिनांक तक | प्रशिक्षणार्थी | प्रशिक्षण का प्रकार | प्रशिक्षणार्थीयों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01.04.2015 | 06.04.2015 | सहायिका | पुनर्श्चया प्रशिक्षण | 35 |
| 2 | 07.04.2015 | 11.04.2015 | सहायिका | पुनर्श्चया प्रशिक्षण | 27 |
| 3 | 13.04.2015 | 20.04.2015 | कार्यकर्ता | पुनर्श्चया प्रशिक्षण | 38 |
| 4 | 21.04.2015 | 25.04.2015 | सहायिका | पुनर्श्चया प्रशिक्षण | 40 |
| 5 | 27.04.2015 | 04.05.2015 | कार्यकर्ता | पुनर्श्चया प्रशिक्षण | 38 |
| 6 | 0505.2015 | 05.09.2015 | सहायिका | पुनर्श्चया प्रशिक्षण | 48 |
| 7 | 11.05.2015 | 18.05.2015 | कार्यकर्ता | पुनर्श्चया प्रशिक्षण | 40 |
| 8 | 19.05.2015 | 23.05.2015 | सहायिका | पुनर्श्चया प्रशिक्षण | 42 |
| 9 | 25.05.2015 | 29.05.2015 | सहायिका | पुनर्श्चया प्रशिक्षण | 42 |
| 10 | 05.06.2015 | 06.07.2015 | कार्यकर्ता | कार्य प्रशिक्षण | 29 |
| 11 | 07.07.2015 | 11.07.2015 | सहायिका | पुनर्श्चया प्रशिक्षण | 43 |
| 12 | 13.07.2015 | 17.07.2015 | सहायिका | पुनर्श्चया प्रशिक्षण | 36 |
| 13 | 20.07.2015 | 26.07.2015 | कार्यकर्ता | पुनर्श्चया प्रशिक्षण | 33 |
| 14 | 27.07.2015 | 02.08.2015 | कार्यकर्ता | पुनर्श्चया प्रशिक्षण | 36 |
| 15 | 03.08.2015 | 09.08.2015 | कार्यकर्ता | पुनर्श्चया प्रशिक्षण | 33 |
| 16 | 10.08.2015 | 14.08.2015 | सहायिका | पुनर्श्चया प्रशिक्षण | 18 |

Jhunjhunu Zila Pariwar Samiti

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **17** | 17.08.2015 | 23.08.2015 | कार्यकर्ता | पुनश्र्चया प्रशिक्षण | 30 |
| **18** | 24.08.2015 | 28.08.2015 | सहायिका | पुनश्र्चया प्रशिक्षण | 30 |
| **19** | 31.08.2015 | 04.09.2015 | सहायिका | पुनश्र्चया प्रशिक्षण | 43 |
| **20** | 13.09.2015 | 19.09.2015 | कार्यकर्ता | पुनश्र्चया प्रशिक्षण | 32 |
| **21** | 20.09.2015 | 24.09.2015 | सहायिका | पुनश्र्चया प्रशिक्षण | 39 |
| **22** | 28.09.2015 | 02.10.2015 | सहायिका | पुनश्र्चया प्रशिक्षण | 30 |
| **23** | 04.10.2015 | 10.10.2015 | कार्यकर्ता | पुनश्र्चया प्रशिक्षण | 29 |
| **24** | 11.10.2015 | 17.10.2015 | कार्यकर्ता | पुनश्र्चया प्रशिक्षण | 27 |
| **25** | 25.10.2015 | 29.10.2015 | सहायिका | पुनश्र्चया प्रशिक्षण | 30 |
| **26** | 01.11.2015 | 07.11.2015 | कार्यकर्ता | पुनश्र्चया प्रशिक्षण | 40 |
| **27** | 15.11.2015 | 21.11.2015 | कार्यकर्ता | पुनश्र्चया प्रशिक्षण | 32 |
| **28** | 23.11.2015 | 27.11.2015 | सहायिका | पुनश्र्चया प्रशिक्षण | 32 |
| **29** | 29.11.2015 | 05.12.2015 | कार्यकर्ता | पुनश्र्चया प्रशिक्षण | 34 |
| **30** | 23.12.2015 | 23.01.2016 | कार्यकर्ता | कार्य प्रशिक्षण | 28 |
| **31** | 31.01.2016 | 06.02.2016 | कार्यकर्ता | पुनश्र्चया प्रशिक्षण | 40 |
| **32** | 08.02.2016 | 12.02.2016 | सहायिका | पुनश्र्चया प्रशिक्षण | 38 |
| **33** | 14.02.2016 | 20.02.2016 | कार्यकर्ता | पुनश्र्चया प्रशिक्षण | 38 |
| **34** | 22.02.2016 | 26.02.2016 | सहायिका | पुनश्र्चया प्रशिक्षण | 43 |
| **35** | 28.02.2016 | 05.03.2016 | कार्यकर्ता | पुनश्र्चया प्रशिक्षण | 35 |
| **36** | 08.03.2016 | 12.03.2016 | सहायिका | पुनश्र्चया प्रशिक्षण | 46 |
| **37** | 13.03.2016 | 19.03.2016 | कार्यकर्ता | पुनश्र्चया प्रशिक्षण | 37 |

## राजस्थान वानिकीएंव जैव विविधता परियोजना–2

राजस्थान वानिकी एंव जैव विविधता परियोजना–02 जापान से वित पोषित एक मेगा परियोजना है जो कि झुंझुंनू जिला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा जापान इन्टरनेशनल कॉपोरेशन एजेन्सी व वन विभाग राजस्थान के सहयोग से झुंझुंनू जिले के चिड़ावा, झुंझुंनू व नवलगढ़ क्षैत्रीय प्रबंधन ईकाई में क्रियान्वित कि जा रही हैं। जिसका उददे्श्य वन पर निर्भर लोगो के वन क्षैत्र एंवम आजीविका के अवसर बढ़ाने के लिए तथा वनीकरण और जैव विविधता सरंक्षण के माध्यम से पर्यावर सरंक्षण और सामाजिक आर्थिक विकास में योगदान देना।





Jhunjhunu Zila Paryawaran Sudhar Samiti

## परियोजना की मुख्य गतिविधियां

- **सूक्ष्म नियोजन**

  **सूक्ष्म नियोजन परियोजना** के अन्तर्गत सम्पादित कि जा रही है किसी भी गतिविधियों की रीढ़ है, गांवों के सामाजिक–आर्थिक विकास के लिए सूक्ष्म नियोजन के माध्यम से सभी प्रकार की गतिविधियों की सूची तैयार करना है। इस परियोजना के अन्तर्गत 3 रेंज के 12 गांवो की सूक्ष्म नियोजन तैयार किया जा चुका है जिसमें गांव की सामाजिक–आर्थिक, भौगोलिक परिस्थियों का विवरण, गांव सामाजिक मानचित्र एंव समयानुसार गतिविधियों का बजट विवरण आदि शामिल है।

- **संचार प्रसार एंव प्रशिक्षण**

  ग्राम स्तरीय वन सुरक्षा एंव प्रबंध समिति का समय–समय पर जागरूकता , प्रचार–प्रसार एंव प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना जिसके अन्तर्गत अब तक कुल 12 वन सुरक्षा एंव प्रबंध समितियों का प्रशिक्षण एंव प्रसार शिविरों का आयोजन किया जा चुका है।



- **स्वंय सहायता समूह का गठन, सशक्तिकरण एंवम प्रशिक्षण**



  वन पर आधारित व्यक्तियों की पहचान कर गरीब एंव वन पर आधारित लोगो के 30 स्वंय सहायता समूह का गठन कर 21 स्वंय सहायता समूह की आय सर्जन गतिविधि का चयन कर उनको रूचि व क्षमता अनुसार आय सर्जन की गतिविधियों से जोड़ दिया गया है, इसके अलावा 21 स्वंय सहायता समूह को रिवॅाल्विंग फण्ड एंव 25 स्वंय सहायता समूह को ऋण दिलाया जा चुका है, साथ ही 01 स्वंय सहायता समूह को कपड़े के बैग बनाने के लिए तकनीकि एंव व्यवसायिक प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

### परियोजना की कुछ सफल कहानीयां

**सफल कहानी 01**– जापान इन्टरनेषनल कॉपोरेषन एजेन्सी (जायका) व वन विभाग के सहयोग से राजस्थान वानिकी एंव जैव विविधता परियोजना–2 के तहत मण्डल प्रबंधन ईकाई झुंझुंनू के क्षैत्रीय प्रबंधन ईकाई नवलगढ़ के ग्रांम परसरामपुरा पुराना झुंझुंनू जिले के में कुमावत मौहल्ले के निवासी ज्यादातर मजदूरी और विदेषों में कार्य करते है। यंहा पर महिलाऐं सभी गृहणी है जो घर के काम के साथ–साथ खेती व पशुपालन का कार्य करती है। राजस्थान वानिकी एंव जैव विविधता परियोजना योजना चलने से पूर्व से सभी महिलाऐं अपने घर के काम में व्यवस्त रहती थी व किसी भी प्रकार की बचत, बैंकिगं के बारे में जानकारी नही थी तथा आपसी मेल–जोल कम था लेकिन इस योजना में यह गांव सम्मिलित होने के उपरान्त गांव की महिलाओं को स्वंय सहायता समूह योजना के बारे में बताया गया कि यह समूह कम से कम 10 महिलाओं व अधिकतम 19 महिलाओं का एक समूह होता है जिसमें समूह में सम्मिलित महिलाओं में से एक अध्यक्ष व सचिव को सर्वसम्मिती से नाम का प्रस्ताव पारित किया जाता हैं। समूह की आपस में एक साप्ताहिक व मासिक बैठक कि जाती है। जिसमें यह महिलाये निर्धारित मासिक बचत के रूप में अपनी बचत राषि अध्यक्ष के पास जमा कराती

है, उसके बाद यह महिलाये उन्ही बचत से स्थानीय बैंक में बचत खाता खुलवाती है बचत में से ऋण आपसी लेन–देन करती है समूह को आवष्यकता पड़ने पर अपनी गतिविधि का विस्तार करने पर किसी भी बैंक से ऋण का आवेदन किया जाता है। मिले हुये ऋण से ये अपने छोटे–मोटे व्यवसाय जैस पशुपालन व सिलाई बुनाई के कार्य में काम में लेती है। जिससे इनके व्यवसाय में बढोतरी होती है। इस प्रकार यह समूह सामान्य जीवन यापन करने वाली महिलाओं में आर्थिक विकास प्रदान करता है। संस्था के कॉर्डिनेटर द्वारा गांव की 100 महिलाओं के लगभग एक बैठक रखी जिसमें से जो महिलाऐं थोड़ी बहुत सिलाई कार्य का काम जानती है इन महिलाओं में से 13 महिलाओं का एक स्वंय सहायता समूह का गठन किया गया सभी महिलाओं की सर्व सहमति से समूह का नाम राधे–राधे स्वंय सहायता समूह परसरामपुरा रखा गया जिसका बचत खाता स्थानीय बैंक में खुलवाया गया समूह के गठन व बैंक खाता खुलने के बाद में उनमें अपने परिवार की आय में छोटी–छोटी बचत खाते में जमा करवाने लगी एंव बैकिंग कार्य की जानकारी हुई इससे वित्तीय नियमियता व बैंको से उनको जो अन्दरूनी डर लगता था वो भी दूर हुआ वे आसानी से बैंक से बचत निकालने व बचत जमा कराने में सक्षम हो गई समक्ष होने के बाद अपनी बचत में से आपसी ऋण का कार्य करने लगी गई जिससे उनको ऋण से भी जो डर लगता वो भी उनका दूर होता गया इस सबके बाद राधे–राधे स्वंय सहायता समूह की सभी महिलाओं की सहमति से अपनी आय जनक गतिविधि को बढ़ावा देने के लिए आई.सी.आई.सी.आई. बैंक से 1लाख 30 हजार रूपये का ऋण दिलवाया गया इन रूपयो से उन्होने अपने सिलाई उधोग को बढ़ातरी प्रदान की । इस ऋण को अपनी आय जनक गतिविधि से होने वाली आय से मासिक किस्तो में ऋण चुका रहे है। इसके उपरान्त इनको और जागरूक किया गया समूह की महिलाओं ने बैग निर्माण की गतिविधि में कार्य करने की सहमति प्रदान की समूह को राजस्थान वानिकी एंव जैव विविधता परियोजना के तहत स्थानीय ग्राम वन सुरक्षा एंव प्रबंध समिति को समूह 50 हजार रू0 का रिवॉल्विंग फण्ड जारी करवाने का प्रस्ताव रखा जिससे वन विभाग के परियोजना कार्यालय द्वारा कमेटी के खाते में 50 हजार रू0 का रिवॉल्विंग फण्ड जारी किया गया । इस राषि से सभी की सर्वसहमति से समूह की महिलाओं ने सिलाई मषीन लेकर आयी जिससे यह कपड़े के बैग निर्माण कार्य को आगे बढ़ा सके। वन विभाग के आदेषानुसार इस समूह की सभी महिलाओं को बैग निर्माण का 10 दिवसीय तीन प्रकार के कपड़े के बैग निर्माण का व्यवसायिक प्रषिक्षण दिलवाया गया। इस प्रषिक्षण के उपरान्त इनके सिलाई कार्य में गुणवता आई जिससे इनके काम में व उनके मन विष्वास पैदा होआ। अब इस समूह की महिलाऐं घर के कार्यो के साथ कपड़े के बैग बनाकर मासिक 3से 4 हजार रू0 कमा रही है। कपडे के बैगो के लिए कच्चा माल नजदीक ही सीकर बाजार तबेला मार्केट से खरीद कर लाती है। उसी मार्केट में तैयार माल को बेच कर आती है। इससे इनके आर्थिक स्तर में सुधार हुआ है। और स्वंय के स्तर पर निर्णय लेने में सक्षम हुई है। अब सभी महिलाऐ खुष है वे अपने आर्थिक विकास में सहभागिता निभा रही है।

**सफल कहानी –02** जापान इन्टरनेषनल कॉपारेषन एजेन्सी (श्रप्छ।) द्वारा से वन विभाग के माध्यम से राजस्थान वानिकी एंव जैव विविधता परियोजना–02 के तहत संस्था झुंझुनू जिला पर्यावरण सुधार समिति के द्वारा झुंझुनू जिले के ग्रांम इस्लामपुर में ग्राम वन सुरक्षा एंव प्रबंध समिति के माध्यम से मणियारो के मौहल्ले में अल्पसंख्यक महिलाओं के तीन स्वंय सहायता समूह का गठन किया गया। इन समूहो में मणियार जाति की महिलाओं को शामिल किया गया। जिनके नाम क्रमषः सगंम, सैयद व गौरी बैंग्लस स्वंय सहायता समूह है। इन समूहो में कुल 33 महिलाये है जो घर के काम के साथ अपने पुष्तनी काम लाख के चुड़े का काम करती है। इन महिलाओ को स्वंय सहायता समूह से जोड़ने से इनकी छोटी–इनकी छोटी बचत को आपसी लेनदेन करने से इनमें एक विष्वास पैदा हुआ और बैंको के प्रति इनमें संकोच की भावना होती थी जो कि इनके बचत के आधार पर इनको आवष्यकता पड़ने पर आई.सी.आई.सी.आई. बैंक से संगम स्वयं सहायता समूह को 1,10,000 ⁄ – (एक लाख दस हजार रू.) का ऋण दिलवाया गया ग्राम्य वन सुरक्षा एंव प्रबंध समिति से वर्ष 2013–14 में 50,000 ⁄ – (पचास हजार रू0) का रिवॉल्विंग फण्ड जारी करवाया, सैयद स्वंय सहायता समूह को वर्ष 2013–14 में 1,20,000 ⁄ – (एक लाख बीस हजार रू.) का ऋण दिलवाया यह ऋण को समय पर पुरा करने के बाद में बैंक ने स्वंय सहायता समूह के व्यवहार को देखते हुये दुबारा ऋण 1,80,000 ⁄ – (एक लाख अस्सी हजार रू.) का ऋण जारी किया गया व 29 जनवरी 2016 को ग्राम्य वन सुरक्षा एंव प्रबंध समिति से 50,000 ⁄ – (पचास हजार रू.) का रिवॉल्विंग फण्ड जारी करवाया गया। इसी तरह से गौरी बैंग्लस स्वंय सहायता समूह को 1,00,000 ⁄ – (एक लाख रू.) का बैंक से ऋण दिलवाया गया 25 अप्रेल 2016 को ग्राम्य वन सुरक्षा एंव प्रबंध समिति से 50,000 ⁄ – (पचास हजार रू.) का रिवॉल्विंग फण्ड जारी करवाया गया। इससे पहले महिलाओं में बैंकिग कार्य प्रणाली के प्रति उनके मन में भय था जो कि स्वंय सहायता समूह से जुड़ने के पश्चात बैंक ऋण चुकता करने के पश्चात बैंकिग कार्यो के प्रति उनके मन में एक विष्वास पैदा हो गया वो अब आसानी से बैंको में रूपयो का लेन देन करती है। तैयार माल झुंझुनू शहर में बड़ी दुकानो में थोक के रूप में बेचती हैं लेकिन यह कार्य उनको



Jhunjhunu Zila Paryavaran Sudhar Samiti

जब सीजन के समय ही कुछ आमदनी हो पाती है सीजन के पश्चात काम नही चल पाता था अधिक कच्चा माल खरीदने के लिए रूपयो का अभाव था जिससे तैयार माल किया जा सके व सीजन के समय बेचा जा सके लेकिन स्वंय सहायता समूह से जुड़ने के पश्चात सीजन के ही अपने घर में माल तैयार कर लेती है व सीजन आने पर अच्छी कीमत पे उस माल को झुंझुंनू, सिघांना, खेतड़ी, चिड़ावा आदि जगह पर अपनी माल बेचने पर अच्छा रू0 कमाती है कच्चे माल को अधिक मात्रा में क्रय किया जिससे अधिक से अधिक तैयार माल कर सके। इसके बाद इनमे आत्मविष्वास से परिपूर्ण होने लगा। इनके उधोग धन्धो में बढ़ोतरी होने के कारण इनके आर्थिक जीवन में सुधार हुआ। जिससे इनके बच्चे अच्छी स्कूल में जाने लगे। ये समूह की महिलाऐं गांव में प्रेरणा स्त्रोत बनकर उभरी है। दूसरी महिलाऐं भी इनको देखने के बाद स्वंय इस योजना से जुड़ने लग गई। और आगे बढ़ने लगी ये महिलाये इस योजना के बारे में बताती है कि यह योजना इनके जीवन में एक नई रोषनी बनकर आई व इनके परिवार, समाज व गांव में इनको आगे बढ़ाया है।

## चाईल्डलाईन

संस्थान द्वारा चाइल्डलाइन 1098 भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय तथा चाइल्ड इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से राजस्थान के चुरू जिले में संचालित की जा रही है।




चाइल्डलाइन भारत की पहली 24 घंटे चलने वाली जरूरत मंद बच्चों के लिए ,नीरू शुल्क राष्ट्रीय आपातकालीन फोन सहायता है जिसकी सेवाओं का उपयोग करने के लिए 1098 , टोल फ्री नंबर डायल कर सकते हैं । हम केवल बच्चों की आपातकालीन जरूरतों के लिए जवाब देय नहीं है, बल्कि उनके लंबे समय तक देखभाल और पुनर्वास के लिए भी कार्य करते है




हम सामान्य रूप में सभी बच्चों के अधिकारों के संरक्षण के लिए काम करते हैं। लेकिन हमारा विशेष ध्यान देखभाल और संरक्षण की जरूरत वाले बच्चों पर है, विशेष रूप से वो बच्चे जो अधिक कमजोर वर्गों में शामिल हैंरू

चाइल्डलाइन निम्न के बच्चों की मदद के लिए कार्य करती है –

– स्ट्रीट बच्चों और सड़कों पर अकेले रहने वाले बच्चे
– बाल मजदूर असंगठित और संगठित क्षेत्र में काम करने वाले बच्चे
– घरेलू नौकर
– परिवार, स्कूलों या संस्थानों में शारीरिक ६ यौन ६ भावनात्मक दुरुपयोग से प्रभावित बच्चे ।
– बच्चे, जिन्हे भावनात्मक समर्थन और मार्गदर्शन की जरूरत है
– व्यावसायिक यौन कर्मियों के बच्चे
– अवैध एवं देह व्यापार के शिकार बच्चे

– माता पिता या अभिभावक द्वारा परित्यक्त बच्चे
– गुम बच्चे
– बच्चे, जो मादक द्रव्यों के सेवन के शिकार हैं
– विकलांग बच्चे
– कानून के साथ संघर्षरत बच्चे
– संस्थानों में काम करने वाले बच्चे
– मानसिक रूप से विकलांग बच्चे
– एचआईवी 'एड्स संक्रमित बच्चे
– संघर्ष और आपदा से प्रभावित बच्चे
– शरणार्थी बच्चे
– बच्चे जिनके परिवार संकट में हैं

## महिला सुरक्षाएवं सलाह केन्द्र



महिला अधिकारिता विभाग राजस्थान सरकार जयपुर के सहयोग से संस्था द्वारा महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र का संचालन महिला पुलिस थाना झुन्झुनू व अजमेर जिले में संचालित किया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं का शोषण, अन्याय, घरेलू हिंसा आदि ऐसे अनेक अपराधो से बचाना तथा समझाईश व परामर्श के माध्यम से न्याय दिलवाना है। वर्ष 2015–2016 में आय

परिवादो का विवरण–

| क्र.स. | जिले का नाम | कुल प्राप्त प्रकरण | निस्तारित प्रकरण | लम्बित प्रकरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | झुंझुंनू | 176 | 176 | 0 |
| 2 | अजमेर | 281 | 281 | 0 |

वर्ष 2015–2016 में आये परिवादो का वर्गीकरण

| क्र.स. | जिले का नाम | समझौता | महिला हस्तक्षैप नही चाहती | कोर्ट कार्यवाही | तलाक/विवाह विच्छेद | दहेज प्रकरण | डी.आई. आर. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | झुंझुंनू | 112 | 40 | 5 | 2 | 12 | 5 |
| 2 | अजमेर | 133 | 166 | 82 | 15 | 16 | 3 |

**महिला सुरक्षा एंव सलाह केन्द्र में आये कुछ परिवादो का विशेष विवरण।**

- अमृता मिश्रा पत्नि राहुल मिश्रा निवासी बृज विहार कॉलोनी ब्यावर हाल निवासी नेपाल लाइंस एच.न. 07 देहुरोड़ पूना। उक्त परिवादिया दिनांक 26.02.2016 को केन्द्र पर आई और बताया की उसका पति राहुल मिश्रा टेलेग्राम में मेजर के पद पर कार्यरत है जो कि

Jhunjhunu Zila Paryav
Samiti

शराबी है अन्य महिलाओं से नाजायज सम्बंध रखता है हर 15 दिन में होटल जाना अश्लील मूवी देखना, लोगों से उधार लेना आदि आदतें है और रोकने या इन्कार करने पर मार–पीट करता है।और बंदुक से मेरे पैरो पर गोली चलाता है जिससे मैं इधर–उधर भागती रहती हूं। मुझे नग्न करके काफी चोटे देता है दिनांक 19 से 23 फरवरी तक मारपीट की कांच की तस्वीरों से सिर व अन्य जगहों पर गंभीर चोटे दी।

केन्द्र पर आने के पश्चात उसका मेडिकल करवाया तथा पूना राहुल मिश्रा व निजी नम्बर व हैड ऑफिस फोन कर काउसलिंग के लिए बुलाया क्योंकि प्रार्थीया प्रथम सूचना रिर्पोट दर्ज नही करवाना चाहती थी अप्रार्थी को अनेक बार फोन किया किंतू नही आने पर महिला थाना इंचार्ज से सर्म्पक कर मुकदमा दर्ज करवाया तथा प्रार्थीया को सलाह दि कि व पूना में संबधित थाने पर भी मार–पीट करने का मुकदमा दर्ज करवाया तथा प्रार्थीया को समय–समय पर फोन करके कार्यवाही की प्रगति रिर्पोट लेते है। तथा प्रार्थीया उसके बच्चो को खर्चा दिलवाने की कार्यवाही तथा आधा वेतन अमृता मिश्रा के नाम करवाने की भी कार्यवाही कि दिनांक 12.05.2016

- श्रीमती तुलसी पत्नि किशोर कुमार निवासी बेरवाबस्ती शराब के टेके की पीछे नगरा अजमेर उक्त प्रार्थीया श्रीमती तुलसी दिनांक 26.03.2016 को केन्द्र पर आई और उसने बताया कि उसका पति व ससुराल पक्ष के लोग उसे अपशब्ध बोलते है दहेज की मांग करते है, मारपीट करते है, केन्द्र पर आने के पश्चात हमने तीन बार राजीनामा करवाकर प्रार्थीया को ससुराल भेजा लेकिन फोलोअप करने के बाद वापस यही समस्या रही उसके बाद तुलसी का गर्भपात भी जान बुझ कर करवा दिया। अप्रार्थीगण को पुनः हमने केन्द्र पर बुलाया लेकिन आने के पश्चात महिला को अपशब्द कहने लगे जिसके कारण प्रार्थीया को हमने अकेले ससुराल भेजा तथा स्थानीय थाने पर सुरक्षा के लिए सूचना भिजवाई तथा संबधित थाने के सहयोग से घर भेजने के बाद भी उसके साथ मारपीट कि तब हमने केन्द्र पर बुलाकर महिला का समस्त समान व बच्चे प्रार्थीया को दिलवाकर पीहर में भेजा प्रतिमाह 3000 रू0 भरण पोषण बंधवाया।
- श्रीमती बीना पत्नि महेश निवासी नया शहर रैगरों का मौहल्ला किशनगढ़ जिला अजमेर उक्त प्रार्थीया 14.04.2016 को केन्द्र पर आई और उसने बताया कि मेरा पति शराब पीकर मारपीट व झगड़ा करते है सास व ननद भी मारपीट करते है हमारा विवाह विवाह सम्मेलन में हुआ था तब भी दहेज की मांग करते है, इस लिए प्रार्थीया ने रहने से इंकार किया व तलाक चाहा तथा सम्मेलन में दिया गया समान व दिया गया चैक मांगा। केन्द्र पर आने के पश्चात दोनो पक्षो की काउसलिंग की तब अप्रार्थी ने समान व चैक देने से इन्कार किया और तलाक चाहा तब केन्द्र के द्वारा सम्मेलन के सदस्य व अधिवक्ता को बुलाया और प्रार्थीया को चैक व समान के स्थान पर भरण पोषण की एक मुश्त रकम 15000/– दिलवाया ।

Jhunjhunu Zila Paryavaran Sudhar Samiti

## स्वयं सहायता समूह

नाबार्ड की स्वयं सहायता समूह परियोजना के तहत् संस्था को झुंझुंनू व सीकर जिले में 350–350



स्वयं सहायता समूह गठन का लक्ष्य रखा गया, व चुरू जिले में 100 स्वंय सहायता समूह का गठन कर व बैंक लिकेंज का लक्ष्य प्राप्त हुआ। जिसमें संस्था ने झुंझुंनू जिल में अब तक 299 स्वंय सहायता समूह का

गठन कर बैंक लिकेंज करवाया गया व इस वित्तिय वर्ष में 35 स्वंय सहायता समूह का गठन कर बैंक लिकेंज करवाया गया जिसमें इन स्वंय सहायता समूह को आई.सी.आई.सी.आई. बैंक से 38 लाख रू0 का ऋण दिलवाया गया व साथ ही समूह की महिलाओ को सूक्ष्मी बीमा योजना से जोड़ा गया। इसी के साथ सीकर जिले में अब तक 396 स्वंय सहायता समूह का गठन कर बैंक लिकेंज करवाया गया व इस वित्तिय वर्ष में 172 स्वंय सहायता समूह का गठन कर बैंक लिकेंज करवाया गया व सूक्ष्म बीमा से जोड़ा गया जिसमें इस वित्तिय वर्ष में एक करोड़ 70 लाख रू0 का ऋण दिलवाया गया। चुरू जिले में भी 100 स्वंय सहायता समूह की परियोजना का पूर्ण कर इस वित्तिय वर्ष में उनको सूक्ष्म बीमा से जोड़ा गया।

## राजीव गांधी शिशु पालना ग्रह (क्रेच)

संस्था राजस्थान समाज कल्याण बोर्ड के सौजन्य से राजीव गांधी शिशु पालना गृह परियोजना के तहत बुहाना तथा खेतड़ी पंचायत समिति क्षैत्र में 6 शिशुपालना गृहों का संचालन कर रही है। इनमें कामकाजी महिलाओं के 6 माह से 6 वर्ष तक 150 से अधिक बच्चो के पोषाहार, शाला पूर्व शिक्षा के साथ–साथ उनके स्वास्थ्य की देखभाल करने का कार्य कर रही है इसके अलावा संस्थान द्वारा बच्चो की माताओं को स्वंय सहायता समूहो से भी जोड़ा गया है।



## बालिका आश्रय गृह






बालिका आश्रय गृह बाल अधिकारिता विभाग राजस्थान–सरकार जयपुर से पंजीकृत संस्था द्वारा चुरू जिले के जिला मुख्यालय पर बालिका आश्रय गृह का मार्च 2015 से संचालन किया जा रहा है जिसमे मार्च माह में 6 बच्चियों जो कचरा बिनती पाई गई उनको बालिका आश्रय गृह में प्रवेश देकर पोषाहर व प्रारम्भिक शिक्षा प्रदान कि गई।

| क्रं.स. | जिले का नाम | महिना | बालिका आश्रय गृह | |
|---|---|---|---|---|
| | | | बच्चो की स्वीकृत संख्या | आवासीत बच्चो की संख्या |
| 1 | चुरू | फरवरी 2015 | 06 से 18 वर्ष 25 बालिका | — |
| 2 | चुरू | मार्च 2015 | 06 से 18 वर्ष 25 बालिका | 6 पुनम, मंदाकिनी, रागिनी, पलक, सुनीता व इंदू |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3 | चुरू | अप्रेल 2015 | 06 से 18 वर्ष 25 बालिका | 6 पुनम, मंदाकिनी, रागिनी, पलक, सुनीता व इंदू |
| 4 | चुरू | मई 2015 | 06 से 18 वर्ष 25 बालिका | 6 पुनम, मंदाकिनी, रागिनी, पलक, सुनीता व इंदू |
| 5 | चुरू | जून 2015 | 06 से 18 वर्ष 25 बालिका | 6 पुनम, मंदाकिनी, रागिनी, पलक, सुनीता व इंदू |
| 6 | चुरू | जुलाई 2015 | 06 से 18 वर्ष 25 बालिका | 8 पुनम, मंदाकिनी, रागिनी, पलक, सुनीता इंदू, सुशीला व बबीता |
| 7 | चुरू | अगस्त 2015 | 06 से 18 वर्ष 25 बालिका | 9 पुनम, मंदाकिनी, रागिनी, पलक, सुनीता इंदू, सुशीला मनीषा, व मनीषा |
| 8 | चुरू | सितम्बर 2015 | 06 से 18 वर्ष 25 बालिका | 6 पुनम, मंदाकिनी, रागिनी, पलक, सुनीता व इंदू, |
| 9 | चुरू | अक्टुबर 2015 | 06 से 18 वर्ष 25 बालिका | 7 पुनम, मंदाकिनी, रागिनी, पलक, सुनीता , इंदू व भवानी |
| 10 | चुरू | नवम्बर 2015 | 06 से 18 वर्ष 25 बालिका | 7 पुनम, मंदाकिनी, रागिनी, पलक, सुनीता इंदू व सुशीला |
| 11 | चुरू | दिसम्बर 2015 | 06 से 18 वर्ष 25 बालिका | 6 पुनम, मंदाकिनी, रागिनी, पलक, सुनीता, इंदू, अब्दुल व मंजू |
| 12 | चुरू | जनवरी 2016 | 06 से 18 वर्ष 25 बालिका | 1 जमीरन खातुन |
| 13 | चुरू | फरवरी 2016 | 06 से 18 वर्ष 25 बालिका | 1 सिमी |
| 14 | चुरू | मार्च 2016 | 06 से 18 वर्ष 25 बालिका | 1 सिमी |



## राष्ट्रीय शहरी आजिविका मिशन योजना

गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले चुरू व सीकर शहर के परिवारो के लिए राष्ट्रीय शहरी

आजीविका मिशन के अन्तर्गत  नगर परिषद के सहयोग से संस्था द्वारा चुरू जिले में योजना में बी.पी.एल. परिवारो के 48 स्वंय सहायता समूह का गठन कर बचत खाता खुलवाया गया। व 22 स्वंय सहायता समूह को विभिन्न बेंको से ऋण दिलवाया गया तथा सीकर जिले में 35 स्वंय सहायता समूह का गठन कर बचत खाता खुलवाया गया। व 30 स्वंय सहायता समूह को आई.सी. आई.सी.आई. बेंको से ऋण दिलवाया गया ।

## बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं जागरूकता व नारी की चौपाल

महिला अधिकारिता विभाग झुंझुनू के सौजन्य से जिलो के 60 गांवो में बेटी बचाओं बेटी पढाओं का एक दिवसीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण करवाया गया। जिले के 20 अन्य गांवो में बेटी बचाओं बेटी पढाओं की जागरूकता रैली व नारी की चौपाल करवाई गई जिसमें कई समस्याओं का







निस्तारण किया गया व कई प्रशासन के समक्ष रखी गई। संस्था की और से 21 मीटर कपड़े पर प्रथम बेटी जन्मोत्सव पर बेटी बचाओं बेटी पढाओं अभियान के तहत सुझाव व हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

### रूट चार्ट

| क्र. स. | गांव का नाम | दिनांक | ब्लॉक |
|---|---|---|---|
| 1 | कमालसर | 11.03.2016 | अलसीसर |
| 2 | पाटोदा | 11.03.2016 | अलसीसर |
| 3 | अरडावता | 11.03.2016 | चिड़ावा |
| 4 | सुलताना | 11.03.2016 | चिड़ावा |
| 5 | इडांली | 11.03.2016 | झुंझुंनू |
| 6 | भडौन्दा | 11.03.2016 | झुंझुंनू |
| 7 | अजाडी खुर्द | 12.03.2016 | झुंझुंनू |
| 8 | पातुसरी | 12.03.2016 | झुंझुंनू |
| 9 | रिजाणी | 12.03.2016 | अलसीसर |
| 10 | चुडैला | 12.03.2016 | अलसीसर |
| 11 | खुडाना | 12.03.2016 | चिड़ावा |
| 12 | बख्तारपुरा | 12.03.2016 | चिड़ावा |
| 13 | माखर | 13.03.2016 | झुंझुंनू |
| 14 | मुरोत | 13.03.2016 | झुंझुंनू |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 15 | बिरमी | 13.03.2016 | अलसीसर |
| 16 | पिलानी खुर्द | 13.03.2016 | अलसीसर |
| 17 | नुनीया गोटडा | 13.03.2016 | चिडावा |
| 18 | ओजूट | 13.03.2016 | चिड़ावा |
| 19 | सांडासी | 14.03.2016 | नवलगढ़ |
| 20 | मांडासी | 14.03.2016 | नवलगढ़ |
| 21 | अड़ूका | 14.03.2016 | सुरजगढ़ |
| 22 | लाखू | 14.03.2016 | सुरजगढ़ |
| 23 | बसावता कला | 14.03.2016 | बुहाना |
| 24 | बसावता खुर्द | 14.03.2016 | बुहाना |
| 25 | डूडलोद | 15.03.2016 | नवलगढ़ |
| 26 | घोडीवाड़ा खुर्द | 15.03.2016 | नवलगढ |
| 27 | देवरोड़ | 15.03.2016 | सुरजगढ़ |
| 28 | घरड की ढाणी | 15.03.2016 | सुरजगढ़ |
| 29 | गाडा खेड़ा | 15.03.2016 | बुहाना |
| 30 | मोई | 15.03.2016 | बुहाना |
| 31 | परसरामपुरा नया | 16.03.2016 | नवलगढ़ |
| 32 | टोंक छिलरी | 16.03.2016 | नवलगढ़ |
| 33 | रघुनाथ पुरा | 16.03.2016 | सुरजगढ़ |
| 34 | स्वामी सेही | 16.03.2016 | सुरजगढ़ |
| 35 | बुहाना | 16.03.2016 | बुहाना |
| 36 | कलवा | 16.03.2016 | बुहाना |
| 37 | इस्लामपुर | 17.03.2016 | झुंझुंनू |
| 38 | चिंचडौली | 17.03.2016 | झुंझुंनू |
| 39 | सिघांना | 17.03.2016 | बुहाना |
| 40 | ढाणा | 17.03.2016 | बुहाना |
| 41 | भुदा का बास | 17.03.2016 | अलसीसर |
| 42 | मलसीसर | 17.03.2016 | अलसीसर |
| 43 | बडागांव | 18.03.2016 | उदयपुरवाटी |
| 44 | टीटनवाड | 18.03.2016 | उदयपुरवाटी |
| 45 | बजावा | 18.03.2016 | उदयपुरवाटी |
| 46 | सीथल | 18.03.2016 | उदयपुरवाटी |
| 47 | केड | 18.03.2016 | उदयपुरवाटी |
| 48 | भाटीवाड़ | 18.03.2016 | उदयपुरवाटी |
| 49 | गाडराटा | 19.03.2016 | खेतड़ी |
| 50 | बबाई | 19.03.2016 | खेतड़ी |
| 51 | बडाउ | 19.03.2016 | खेतड़ी |
| 52 | रसूलपुर | 19.03.2016 | खेतड़ी |
| 53 | डाडा फतेहपुरा | 19.03.2016 | खेतड़ी |
| 54 | चिरानी | 19.03.2016 | खेतड़ी |
| 55 | लालोडा | 20.03.2016 | खेतड़ी |
| 56 | पपूरना | 20.03.2016 | खेतड़ी |
| 57 | खेदाडियो की ढाणी | 20.03.2016 | सुरजगढ़ |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 58 | लोटिया | 20.03.2016 | सुरजगढ़ |
| 59 | ढीगाल | 20.03.2016 | नवलगढ़ |
| 60 | नुआं | 20.03.2016 | झुंझुनू |

## सुक्ष्म लघू उद्यमिता विकास कार्यक्रम

सीकर जिले में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक जयपुर (नाबार्ड) के सहयोग से 12 स्वंय सहायता समूह की 120 महिलाओं को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दिलवाये गये। जिसमें नांगल



गांव में 05.01.2016 से 17.01.2016 तक दरी बुनाई, मण्डा में 05.01.2016 से 17.01.2016 तक में फोटो फ्रेम, खाचरियावास में 05.1.2016 से 17.01.2016 तक कपड़े का बैग निर्माण, अजीतगढ़ में गिफ्ट आईटम में 16.01.2016 से 28.01.2016 तक कुल 120 महिलाओं को प्रशिक्षण दिलवाया गया।

## गृह उधोग निर्माण योजना

संस्था द्वारा ''गृह उधोग निर्माण योजना'' के तहत् जिला उधोग केन्द्र चुरू के सहयोग से तीन महिने का दिनांक 14/12/2015 से 13/03/2016 तक तीन माह का सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया इसके उदघाटन पर जिला उधोग केन्द्र के महाप्रबंधक श्री मनीराम ने महिलाओं को हाथ का काम सीखने के लिए प्रेरित किया जिससे जिससे महिलाऐं अपना काम अपना हाथ का नुस्का अपनाये व संस्था अध्यक्ष ने कहा इस प्रकार की योजनाऐं सरकार को समय–समय चलाते रहना चाहीए जिससे गरीब तबके की महिलाये अपने आप में आत्म निर्भर हो सके इस प्रकार की योजनाओं से महिलाओं स्वरोजगार के उधोग स्थापित कर सकती है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबुत हो जायेगी। संस्था ने चुरू नगर परिषद क्षैत्र की 30 महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण करवाया गया।

## राजीव गांधी उद्यमिता मित्र योजना

भारत सरकार के सुक्ष्म लघु व मध्यम उद्योग मंत्रालय के द्वारा राजस्थान प्रदेश के उद्यमियों को पथ–प्रदर्शक व मार्ग दर्शन के लिए संस्था का वर्ष 2010 में चयन हुआ। इस योजना के तहत संस्था ने 2015– 16 में 15 उद्यमियों का चयन करवाकर, उनके उद्यम स्थापना हेतू उनका मार्ग दर्शन करना, ऋण आवेदन–पत्र तैयार कर बैंको से ऋण दिलवाना साथ ही उनके उधागों की ईकाई स्थापित करवाना, उधोगों में बिजली कनेक्शन, पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण से उनको एन.ओ. सी. का प्रमाण पत्र दिलवाना आदि कार्य सम्पन्न किये गये।

## चिकित्सा एवं स्वास्थ्य

संस्था द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से मुख्यमंत्री निशुल्क दवा वितरण योजना, मुख्य मंत्री निशुल्क जांच योजना के तहत् डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, रेडियोग्राफर, लैब टेक्निशयन, सहायक लैब

Jhunjhunu Zila Paryavaran Sudhar Samiti

टैक्निशयन, वार्ड बॉय, ट्रोली मैन उपलब्ध करवाये गये। बेटी बचाओ अभियान , पल्स पोलियो अभियान व विटामिन– ए के लिए प्रचार–प्रसार का कार्य किया

## सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन




संस्थान द्वारा जिला परिवहन विभाग के सहयोग से दिनांक .23.01.2016 को संस्थान के चुरू कार्यालय में सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला प्रमुख चुरू श्री हरलाल सहारण, विशिष्ट अतिथि जिला परिवहन अधिकारी श्री मनोज, जिला उधोग केन्द, चुरू के महाप्रबंधक श्री मनीराम आदि उपस्थित हुये कार्यक्रम में आमजन तथा आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को सड़क सुरक्षा के नियम की जानकारी दी गई साथ ही यातायात नियमों का पालन करने तथा आमजन तक यातायात नियमो की जानकारी देने को कही। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा को लेकर निबंध व भाषण प्रतियोगिताऐं आयोजित कि गई जिसमें प्रथम, द्वितीय एंव तृतीय स्थान पर रहने वाले सम्भागियों को पुरस्कृत किया गया। इसके बाद सभी सम्भागियों को सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमो की पालना पर शपथ दिलवाई गई।कार्यक्रम के अन्त में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता, रैली, निकाली गई उक्त कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल व संस्था सभी कार्मिक उपस्थित हुये।



## विश्व शांति दिवस का आयोजन




संस्थान द्वारा अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस पर आई. डब्लू. जी. पी. पीस कमेटी कोरिया के सहयोग से महिला हिंसा रोकने व विश्व शांति का संदेश देने के उद्देश्य से महिलाओं का विश्व शांति मार्च पद यात्रा निकाली गई जिस दौरान विश्व शांति का संदेश देते हुये आम जन को महिला हिंसा रोकने का संदेश देते हुये इन्है सफेद गुब्बारे एंव पुष्प भेंट किये गये।




संस्था द्वारा न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी झुंझुनू के सार्वजनिक पार्क में बच्चो व बुर्जगों के बैठने के लिए 13 सीमेंटेड बैंच लगवाई जिसकी लागत प्रति बैंच 3000 रू. आई जिसकी कुल लागत 39000/– रू आई।

Jhunjhunu Zila Paryavaran Samiti

संस्था द्वारा समय–समय पर संस्था कर्मी को विभिन्न विभागो द्वारा करवाये जा रहे प्रशिक्षणो में भिजवाया गया है।

राष्ट्रीय जन सहयोग एंव बाल विकास संस्थान (निपसिड) दिल्ली द्वारा पोस्को एक्ट पर आमुखिकरण कार्यशाला दिनांक 3 अगस्त 2015 से 4 अगस्त 2015 तक श्रीमती भंवरी देवी व श्री सुरेन्द्र सिंह दिल्ली में प्रशिक्षण लेने व बाल अधिकार व बाल संरक्षण आमुखीकरण प्रशिक्षण कार्यशाला पर दिल्ली में 2 नवम्बर 2015 से 6 नवम्बर 2015 तक कुमारी राजबाला व श्री करणी दान सैन को भेजा गया । महिला एंव बाल विकास विभाग जयपुर द्वारा दिल्ली में आंगनबाडी अनुदेशिका प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण केन्द्र की अनुदेशिका श्रीमती अर्चना पुनियां को पोषण एंव स्वास्थय से सम्बन्धित प्रशिक्षण, 22 जनू से 26 जून तक महिला एंव बाल विकास जयपुर द्वारा आंगनबाडी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र की मुख्य अनुदेशिका श्रीमती गुडी देवी द्वारा प्रशिक्षण के लिए भेजा गया। 19 दिसम्बर 2015 को चाईल्ड लाईन के पोक्सो एक्ट के लिए श्रीमती गुडी देवी व श्री करणी दान सैन व 25 फरवरी 2016 को बालिका आश्रय गृह के सम्बन्ध में श्रीमती गुडी देवी व श्री करणी दान को प्रशिक्षण के लिए भेजा गया।

Jhunjhunu Zila Paryawaran Sudhar Samiti

# झुंझुनूं जिला पर्यावरण सुधार समिति

**द्वारा**

संचालित भारत सरकार, राजस्थान सरकार, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), नेहरू युवा केन्द्र व जिला प्रशासन सीकर, झुन्झुनूं व चूरू आदि के सौजन्य से संचालित परियोजनाओं की सूची :–

**वर्ष 2015–2016**

1. पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम (Envoirment Conservation Programmes)
2. स्वयं सहायता समूह (S.H.G) JhunJhunu 350, Sikar 350, Churu 100,
3. चिकित्सा एवं स्वास्थय (Medical & Health)
4. राजीव गांधी शिशु पालनागृह क्रेच (पालनागृह) (Creach)
5. युवा विकास (Youth Development)
6. आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र, चुरू (A.W.T.C.)
7. महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र (M.S.S.K.)
8. भ्रूण हत्या एवं बाल विवाह रोकथाम कार्यक्रम (F.F. & C.M.)
9. महिला एवं बाल विकास (Women & Child Development)
10. राजीव गांधी उद्यमी मित्र योजना (R.G.U.M.Y.)
11. सयुक्त देयता समूह कार्यक्रम (J.L.G.P.)
12. स्वालम्बन पेंशन एवं समूह बीमा ईकाई योजना (P.& G.I.U.Y)
13. राजस्थान वानिकी एंव जैव विविधता परियोजना –II(R.F.B.P.)
14. नाबार्ड द्वारा वित्तिय साक्षरता अभियान झुंझुंनू व सीकर जिले में
15. अम्बेडकर हस्तशिल्प विकास योजना सीकर (A.H.V.Y.)
16. स्वंय सहायता समूहो को आई.सी.आई.सी.आई. बैंक से ऋण प्रदान करना।
17. युनाईटेड इंश्योरेन्स दुर्घटना बीमा योजना
18. अल्पसंख्यक बालिका छात्रावास, चुरू
19. बालिका आवासीय गृह, चुरू
20. चाईल्ड हैल्प लाईन, चुरू नई दिल्ली 1098

Jhunjhunu Zila Paryawaran Sudhar Samiti

## संस्था द्वारा किये गये कार्यक्रमो की अखबार कटिंग


अपहृत नाबालिग बालिका को लेने पहुंची असम पुलिस

दो जिलों में तीन बार बिकी नाबालिग


पति की मारपीट से परेशान बहनों ने ली महिला सलाह केंद्र की शरण



## चाईल्स हैल्प लाईन की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित



## अनाथ लक्ष्मी को मिला जीने का सहारा

मुख्यमंत्री अपनी बेटी योजना



## चाइल्डलाइन एडवाईजरी बोर्ड के गठन की बैठक

क्या है चाइल्डलाइन 1098



पहल | चाइल्ड हैल्प लाइन व महिला पुलिस के प्रयास से झुग्गियों में रहने वाले बच्चे लेने लगे आखर ज्ञान

## बना रहे शिक्षा से वंचित बच्चों का भविष्य



## बच्चों को समाज की मुख्य धारा में शामिल करना जरूरी है-अग्रवाल

चूरू। आंगनबाड़ी केन्द्र में झुंझुनूं पर्यावरण सुधार समिति शाखा द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने पत्रकारों को बताया कि चाईल्ड इण्डिया फाउण्डेशन के सहयोग से 01 जून से विधिवत रूप से संचालित किया जा रहा है।



## बेटी बचाओ अभियान पर

चूरू। ओम कॉलोनी स्थित पर्यावरण सुधार समिति द्वारा संचालित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र में समाज कल्याण सप्ताह के तहत बेटी बचाओ अभियान पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास परियोजना के डीडी ओपी मीणा ने कहा कि किसी भी महिला को कभी भी गर्भ को गिराना नहीं



महिला थाना व 1098 चाइल्ड लाइन ने शुरू की पाठशाला

## 'आपणी पाठशाला' में झुग्गी-झोंपड़ी के बच्चे



## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण सम्पन्न

चूरू, 23 जून (मोन्टू)। झुंझुनूं जिला पर्यावरण सुधार समिति की ओर से यहां आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र में सोमवार को प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया, जिसमें संस्था की प्राचार्या सुमन चौधरी ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र दिए। उन्होंने कहा कि



## भ्रमण दल हुआ रवाना, वानिकी व वन्य जीवों की लेंगे जानकारी

Jhunjhunu Zila Paryavaran Sudhar Samiti


वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यशाला हुई

श्रीमाधोपुर। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के सौजन्य से जिला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा शुक्रवार को कस्बे के श्याम प्लाजा परिसर में वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन हुआ। समिति के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल व श्रीमाधोपुर ब्लॉक प्रभारी राजकुमार कुमावत के अनुसार कार्यशाला में जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड एचपी चन्देल ने बैंकिंग सेवा जुड़ने तथा परिवार के गैर जरूरी खर्चों से कटौती कर बचत करने की बात पर बल दिया। कार्यशाला के दौरान विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों ने बैंकिंग, बचत योजना, बीमा, ऋण योजनाओं की जानकारी दी। चर्चा की जाएगी तथा लोगों को बैंकिंग सुविधा से जुड़ने के लिए जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर ग्रामीण विकास संस्थान अध्यक्ष मनोज कुमावत, समिति के सीकर प्रभारी रमेशचंद पारीक तथा ग्रामीण एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मौजूद थी।

Jhunjhunu Paryawaran Sudhar Samiti

# laLFkku dk iz'kklfud dk;kZy;

राजकीय बालिका महल प्राथमिक स्कूल के सामने, वार्ड न. 37 झुन्झुनू (राज.)

**Tel.& Fax No. :- 01592-230952 E-mail : jzpss_c1@yahoo.co.in, jjnjzpss@gmail.com childline1098churu@gmail.com**

**Website:-www.jzpss.org**

## {kS=h; dk;kZy;

**vkaxuckMh dk;ZØrkZ izf'k{k.k dsUnz lkeqnkf;d Hkou ds ihNs] vxzlsu uxj pq: ¼jkt-
Qksu u- 01562&254586] 250700] 250813**

**ialkjh gosyh] vxzoky lekt ds lkeus]
jhaxl cktkj] Jhek/kksiqj ftyk lhdj
Qksu u- 9461544152**

**Email-Id :- childline1098churu@gmail.com**

Jhunjhunu Zila Paryawaran Sudhar Samiti